## एक नजर में

### वितरण प्रणाली सुचारू बनाने की तैयारी

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान होगी। किसी पंचायत में पात्र गृहस्थियों की संख्या 800 से अधिक होने पर एक अतिरिक्त दुकान खोली जा सकेगी। परन्तु किसी पंचायत में अतिरिक्त दुकान खोली जाती है तो पात्र गृहस्थियों की संख्या यथासंभव 400 से कम न हो।**

अतैव उपभोक्ताओं की सुविधा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड की एक शासकीय उचित मूल्य दुकान मवई में 800 से अधिक कार्ड होने से अतिरिक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने हेतु ऑनलाईन विज्ञप्ति निकाली जाकर नवीन दुकान आवंटन किया जाना है। अत. इच्छुक संस्था, समूह दुकान आवंटन के लिये ऑनलाईन आवेदन 18 मार्च से 24 मार्च तक पोर्टल लिक पर आवेदन कर सकते है तथा अधिक जानकारी के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला खाद्य कार्यालय कलेक्ट्रेट में संपर्क कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान होगी।

# पुलिस ने दो मंदिरों की चोरियों का किया पर्दाफाश

**आरोपियों से चोरी का सामान किया गया बरामद**

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों को किया न्यायालय में पेश**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/जतारा। जिले में चौरी की घटनाओं, विशेषकर धार्मिक स्थलों पर हुई वारदातों को गंभीरता से लेते हुए एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा चोरी गए मशरुका की बरामदगी की जाए।**

इसी क्रम में 14 नवंबर 2025 को फरियादी राजेश कुमार पिता धनीराम पाठक निवासी बम्हौरीकलां द्वारा अपने खेत पर स्थित हनुमान मंदिर से 14 पीतल के घण्टे एवं हनुमान जी का चांदी का मुकुट अज्ञात चोर द्वारा चौरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना बम्हौरीकलां में अपराध क्रमांक 255/25 धारा 331 (3), 305 (डी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना जतारा में मंदिर से 5 पीतल के घण्टे चोरी होने के मामले में थाना जतारा के अपराध क्रमांक 13/26 धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्हौरीकलां प्रभारी और थाना जतारा प्रभारी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

संदेह के आधार पर दबिश देकर आरोपी इसराज उर्फ अप्पा पिता अजीज राईन उम्र 24 साल, अरवाज उर्फ पुलिस टीम दवारा मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की तलाश जिन्नात विता मजीद राईन उस 20 साल तथा करन उर्फ कमलेश पिता हरिमोहन सोनी उम्र 20 साल निवासीगण मऊरानीपुर जिला झांसी उप्र को हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उक्त चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके आधार पर उनके कब्जे से 14 पीतल के घण्टे चांदी का मुकुट घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्कूटी लोहे का कटर गैस गन एवं अन्य सामग्री कुल लगभग आरएस1,72,500/- मूल्य का माल मशरूका बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

### उक्त टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

उक्त कार्रवाई में नीतू खटीक थाना प्रभारी बम्हौरीकलां, उपनिरीक्षक आकाश रूसिया, एनएस ठाकुर थाना प्रभारी जतारा, हरिशंकर सिंह,मनोज मिश्रा, अब्बास अली, राजीव मिश्रा, अमर चन्द्र थाना जतारा, जयकांत, मनोज, कृष्ण कुमार, हरगोविन्द, अनूप अनुरागी, हेमन्त, सीताराम, संगम थाना जतारा,रामनारायण थाना जतारा, अंजली एवं आरती की विशेष भूमिका रही। इस टीम ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दोनों चोरियों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया गया है।

### विभिन्न धाराओं के तहत हुआ था मामला दर्ज

चोरी की रिपोर्ट पर थाना बम्हौरीकलां में अपराध क्रमांक 255/25 धारा 331 (3), 305 (डी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना जतारा में मंदिर से 5 पीतल के घण्टे चोरी होने के मामले में थाना जतारा के अपराध क्रमांक 13/26 धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित की गई टीम ने मुखविर की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है।

## विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। उत्सव भवन में गुरुवार को जिला प्रशासन ने विक्रमोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में हुए इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग ने राजा विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन किया। साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों ने भगवा ध्वज फहराया तथा हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।**

इस अवसर पर भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने ही चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस से विक्रम संवत का शुभारंभ किया था, जिसे हिंदू नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जनवरी में मनाए जाने वाले नव वर्ष को पाश्चात्य संस्कृति का बताया। विजय राघव मंदिर के महंत सुधीर मिश्रा और बबलू महाराज ने कहा कि चैत्र नव वर्ष से प्रकृति नया रूप धारण करती है, पेड़ों में हरियाली छा जाती है। उन्होंने नवरात्र में नौ दिनों तक देवी मां की पूजा-आराधना के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय पंचांग और कैलेंडर नव संवत्सर के आधार पर ही गणना करते हैं। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, प्रजातंत्र गंगेले, अंकित तोमर सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और हिंदूवादी संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में हुए इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग ने राजा विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन किया।

## अवकाश के दिन सीएमओ ने शिविर में सुनीं समस्याएं



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नए साल का शुभारंभ गुरूवार को किया गया। जिसके चलते कार्यालय नगर पालिका परिषद मे अवकाश के दिन में पेंशन से संबंधित सभी कार्य का विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में 178 डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किए गए। 41 नवीन पेंशन मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए गए। 2 पेंशन की शिकायतों का मौके पर निराकरण हुआ। 1 पेंशनधारी का बैंक खाता परिवर्तन करवाया गया। सीएमओ ओमपाल भदौरिया नें मौके पर रह कर सभी पेंशनधारकों की समस्या सुनी और तुरंत निराकरण कराया। शिविर के दोरान नगर पालिका से रवि प्रकाश जैन सामाजिक सुरक्षा अधिकारीं, भागवत सिंह ठाकुर सहायक वर्ग -3 कंप्युटर ऑपरेटर, शुभम वर्मा ,अमन पटैरिया, पदमा सेन ,वर्षा लक्षकार, भागीरथ कुशवाहा एवं अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## क्षमतावर्धन कार्यक्रम का द्वितीय सत्र प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आयोजन 16 से 20 मार्च तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके, होमगार्ड एवं सीडी वालंटियर को शामिल किया गया।**

द्वितीय दिवस बीपी नामदेव जिला सेनानी द्वारा प्रथम दिवस में भूकंप के संबंध में जो पढ़ाया गया था उसका रिवीजन करवाया गया, भूकंप आने के कारण श्रीमान द्वारा भूकंप के पूर्व दौरान एवं पश्चात की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। अमित दुबे प्लाटून कमांडर द्वारा भूकंप की उत्पत्ति का कारण, प्लेट विवर्तनी का सिद्धांत के बारे में बताया गया। अंत में होमगार्ड टीकमगढ़ में पदस्थ एएसआई श्रीमती लता के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संपूर्ण समय डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर भी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## जेल का निरीक्षण करने पहुंचीं जिला न्यायाधीश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।**




निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा भोजन, स्वास्थ्य, उपचार व्यवस्था, मुलाकात व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया जो अच्छी पायी गई एवं बंदियों से पूछताछ करने पर बंदीयों द्वारा जेल में कोई परेशानी नहीं होना बताया गया तथा भोजन, स्वास्थ्य उपचार व्यवस्था, मुलाकात व्यवस्था एवं वीडियो कॉफ्रेंस से पेशी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का होना अच्छा बताया गया। उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के संबंध में निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सुनीता गोयल, यजुवेन्द्र बाघमारे जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया सहित जेल स्टॉप एवं बंदी उपस्थित रहे।

## मूल्यांकन समितियों के प्रस्तावों पर चर्चा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रतिवर्ष अनुसार जिला टीकमगढ़ की गाईड लाईन वर्ष 2026-27 हेतु समस्त उप जिला मूल्यांकन समितियों के द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को जिला मूल्यांकन समिति टीकमगढ़ की बैठक में चर्चा विश्लेषण एवं समीक्षा उपरांत अनंतिम रूप से अनुमोदित किया जा चुका है। साथ ही आम जनता के अवलोकन हेतु कार्यालय जिला पंजीयक टीकमगढ़ एवं मुख्यालय उप पंजीयक में प्रस्ताव उपलब्ध हैं।**

प्रस्तावों पर आम जनता के सुझाव दिनांक 18, 19 एवं आज 20 मार्च 2026 तक आंमत्रित किय गये है। आमजन के आपत्ति एवं सुझाव कार्यालय जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय टीकमगढ़, जतारा व बल्देवगढ़ में दिया जा सकता है।

## स्टेंडिंग कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला टीकमगढ़ नवीत कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में स्टेंडिंग कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत वर्ष 2025-26 में संपादित मनरेगा योजना एवं कर्मकाल मंडल की योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण की समीक्षा की गयी। जिला समन्वयक दवारा संपूर्ण विवरण सहित प्राप्त मुददों के साथ प्रस्तुत किया गया।**



प्रभारी कलेक्टर धुर्वे द्वारा सभी एपीओ मनरेगा को सामाजिक अंकेक्षण से प्राप्त मुद्दों पर जनसुनवाई के पेनल द्वारा दिये गये निर्णय अनुसार एटीआर 7 दिवस में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने वर्ष 2026-27 में आगामी सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभाओं की जियोटेग पंचायत निर्णय एप में किए जाने के सबंध में समीक्षा की तथा विगत वर्ष में संपन्न ग्राम सभा जियोटेग की जानकारी ली। श्री धुर्वे एवं स्टेंडिंग कमेटी सदस्यों द्वारा सभी बीसी और व्हीएसए को सामाजिक अंकेक्षण के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण द्वारा बैठक में समीक्षा के उपरांत सभी व्हीएसए को पंचायत निर्णय एप में जियोटेग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला टीकमगढ़ श्री नवीत कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में स्टेंडिंग कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत वर्ष 2025-26 में संपादित मनरेगा योजना एवं कर्मकाल मंडल की योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण की समीक्षा की गयी। जिला समन्वयक दवारा संपूर्ण विवरण डै सहित प्राप्त मुददों के साथ प्रस्तुत किया गया।

# हिंदू नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा पर्व का दिख रहा उत्साह

**श्रीराम रथ की आरती कर की गई पूजा-अर्चना**

**1100 दीपक जलाकर मनाया गया दीपोत्सव**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। चैत्र नवरात्र के पहले दिन हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और श्रीराम जन्मोत्सव परिवार ने शहर में प्रभातफेरी निकाली। कांग्रेस के जिला महासचिव संजय नायक ने श्रीराम रथ की आरती कर पूजा-अर्चना की।**



जानकारी के अनुसार हिंदू नववर्ष उत्सव समिति ने प्रमुख चौराहों पर लोगों को तिलक लगाकर नए साल की बधाई दी। महिलाओं ने घरों में कलश स्थापना कर विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना की। कई लोगों ने नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि उपवास भी शुरू किए। छोटी देवी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखी गई, जहां वे माता रानी को जल चढ़ाने पहुंचीं। यहां नौ दिवसीय मेला भी शुरू हो गया है। जिले के प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर और विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। पंडित सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जबकि शुक्रवार को माता ब्रह्मचारिणी की आराधना होगी। नवरात्र के नौ दिनों तक देवी मां के अलग-अलग रूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम 7 बजे प्राचीन नजर बाग मंदिर में 1100 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। उल्लेखनीय है कि 12 मार्च से शहर में श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। आज नगर भ्रमण के दौरान श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने लोगों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और श्रीराम जन्मोत्सव परिवार ने शहर में प्रभातफेरी निकाली। कांग्रेस के जिला महासचिव संजय नायक ने श्रीराम रथ की आरती कर पूजा-अर्चना की। मेला लगने वाले स्थानों में शहर के छोटी एवं बड़ी देवी मंदिर का नाम शामिल है वहीं बुडेरा मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ बगाज माता मंदिर, बल्देवगढ़ के विध्यवासिनी मंदिर, पृथ्वीपुर के अछरूमाता मंदिर, ग्राम देरी के कालका मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर नौ दिनों तक माता की आराधना विशेष प्रकार से की जाएगी साथ ही इन सभी स्थानों पर मेले लगाए जा चुके है।

**गड़बड़ी ▶ नगर परिषद पलेरा में चल रहा घटिया निर्माण कार्य**

# डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर पार्षदों ने की शिकायत

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 1 और 3 में हो रहे डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड 1 के पार्षद अशोक कुमार राज नापित और वार्ड 3 के पार्षद गुलाब आदिवासी ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य को पूरी तरह घटिया और एस्टीमेट के विरुद्ध बताया है।**



जानकारी के अनुसार पार्षदों का आरोप है कि ठेकेदार आकाश अग्रवाल द्वारा कराया जा रहा डामरीकरण मानक स्तर का नहीं है। निर्माण कार्य में बरती जा रही इस लापरवाही के कारण वार्ड वासियों में ठेकेदार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनते ही उखड़ने की स्थिति में है। इस मामले में जब नगर परिषद की इंजीनियर मोनिका खरे से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के सैंपल लिए जा रहे हैं। यदि लैब टेस्ट में गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, नगर के विकास और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिलहाल परिवार में शोक यानि चाचा के स्वर्गवास के कारण मैं व्यस्त हूँ, लेकिन जल्द ही डामरीकरण वाले सभी स्थानों का स्वयं निरीक्षण करूँगी। अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि ठेकेदार द्वारा काम में गुणवत्ता नहीं पाई गई, तो उसका भुगतान रोक दिया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर में काम करने वाले सभी ठेकेदारों को तय मानकों का पालन करना ही होगा। इनका कहना है नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने कहा कि नगर के विकास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा जो भी ठेकेदार नगर में काम कर रहे हैं नगर में उन्हें सही गुणवत्ता में काम करना होगा। नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 1 और 3 में हो रहे डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड 1 के पार्षद अशोक कुमार राज नापित और वार्ड 3 के पार्षद गुलाब आदिवासी ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य को पूरी तरह घटिया और एस्टीमेट के विरुद्ध बताया है।

### डामरीकरण वाले स्थानों का होगा निरीक्षण

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, नगर के विकास और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिलहाल परिवार में शोक यानि चाचा के स्वर्गवास के कारण मैं व्यस्त हूँ, लेकिन जल्द ही डामरीकरण वाले सभी स्थानों का स्वयं निरीक्षण करूँगी।

## आयुक्त ने नपाध्यक्ष को दिया दूसरा नोटिस

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल ने उन्हें दूसरा नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में उन्हें जांच प्रतिवेदन की छाया प्रति उपलब्ध कराते हुए 15 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह उन्हें दूसरा नोटिस दिया गया है।**

इससे पहले 26 फरवरी को विभाग ने अब्दुल गफ्फार को पद से हटाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। तब नपा अध्यक्ष ने जवाब में जांच प्रतिवेदन नहीं मिलने की बात कही थी, जिसके बाद अब यह दूसरा नोटिस जारी किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. तोषण कुमार बढ़िए ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अब्दुल गफ्फार पर पद के दुरुपयोग और करोड़ों रुपए की आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। जांच समिति की रिपोर्ट में नौ ऐसे गंभीर आरोप पाए गए हैं, जिनसे नगर पालिका को वित्तीय क्षति हुई है। इन आरोपों में मां कर्माबाई मार्केट की दुकानों के आवंटन में गड़बड़ी, ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन निविदाएं लेना और शासन द्वारा नियुक्तियों पर प्रतिबंध के बावजूद 15 से अधिक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियमों के विरुद्ध भर्ती शामिल है। इसके अलावा, पुरानी टेहरी में तालाब के डूब क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण भी एक गंभीर आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि एलईडी लाइट, फिटकरी और पाइपलाइन विस्तार के लिए सामग्री की खरीदी बाजार दर से कहीं ऊंची कीमतों पर की गई। रिपोर्ट के अनुसार, 66 में से 58 ठेके केवल दो फर्मों, मेसर्स तनु इंटरप्राइजेज और मेसर्स महाकाल इंडस्ट्रीज, को दिए गए थे।

## नवीन दुकान आवंटन के मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण नियंत्रण आदेश 2015 में दिये गये प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य की दुकान संचालित होना है एवं जिन ग्रामीण क्षेत्र की नवीन दुकान विहीन ग्राम पंचायत में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं पुर्न आवंटन स्थापित किये जाने का प्रावधान है। उक्त पावधान के तहत् अनुविभाग में ग्राम पंचायत पराखारा में नवीन दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभाग की बेबसाइड पोर्टल पर पात्र सस्थायें 18 से 28 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।